विश्व सिकल सेल दिवस पर...

जागरूकता एवं जाँच के कार्यक्रम किए जाएँ : राज्यपाल

भोपाल । राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विश्व सिकल सेल दिवस पर जनजाति बहुल क्षेत्रों में जागरूकता और जाँच का कार्य अभियान स्तर पर किया जाये। तहसील स्तर पर स्क्रीनिंग का कार्य कार्यक्रम बना कर किया जाना चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को राजभवन में स्वास्थ्य, आयुष एवं जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। जनजाति कार्य और अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह भी उपस्थित थी। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश हैं कि देश में वर्ष 2047 के बाद सिकल सेल रोग से पीड़ित कोई भी बच्चा जन्म नहीं ले, इस दिशा में तेजगति से कार्य किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में सिकल सेल रोग उन्मूलन के लिए सक्रियता से कार्य किया जाये। कार्य की सफलता का पैमाना यह है कि स्क्रीनिंग में एक भी सिकल सेल वाहक छूटे नहीं। सभी वाहकों को कार्ड उपलब्ध हो जाए, जिससे वाहक युवक-युवती आपस में विवाह नहीं करें। स्क्रीनिंग की कार्य अवधि ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार निर्धारित की जाये। स्क्रीनिंग कार्य की जानकारी का माइक से एनाउंसमेंट कर प्रसार किया जाये। आशा कार्यकर्ताओं को स्क्रीनिंग कार्य का आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। अभियान के दौरान उनकी सेवा और कौशल का प्रभावी उपयोग किया जाना चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि विश्व सिकल सेल दिवस-19 जून के कार्यक्रमों के संबंध में जन-प्रतिनिधियों को भी सूचित किया जाये। सिकल सेल वाहक और रोगी के अनुभवों को साझा करने के कार्यक्रम किए जाएँ। कार्यक्रमों में विशिष्ट व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाये। कार्यक्रम स्थल पर आयुष दवाइयों और हर्बल उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ ही आयुष विशेषज्ञों के परामर्श काउन्टर की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, प्रमुख सचिव जनजाति कार्य श्रीमती पल्लवी जैन, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, आयुक्त-सह-सचिव स्वास्थ्य सुदाम खाड़े, प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास और स्वास्थ्य, आयुष एवं जनजाति कार्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

विवेकानंद लाइब्रेरी में आज न्यू चिल्ड्रन कलेक्शन लगाया जाएगा

भोपाल। स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में इस रविवार को न्यू चिल्ड्रन बुक्स समर कलेक्शन लगाया जायेगा। जूनियर बुक्स में जनरल नॉलेज जीनियस बुक और द सन एंड द स्टार अथॉर रिक रिओर्डन की न्यू लेटेस्ट बुक्स को पढ़िए। इस 50 बुक्स के नए कलेक्शन को मेंबर्स ऑन द स्पॉट इशू भी करा सकते है। स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी के उप प्रबंधक यतीश भटेले ने बताया कि इस कलेक्शन की खासियत यह है कि सारी बुक्स लाइब्रेरी के डिस्प्ले पर सुबह 11 बजे लगाई जाएगी और इस कलेक्शन में सारी चिल्ड्रन बुक्स बिलकुल लेटेस्ट हैं। स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में न्यू चिल्ड्रन बुक्स का कलेक्शन में बहुत सारे ऐसे टाइटल है। जो इस कलेक्शन में शामिल किये गए है। 20 मई शनिवार सुबह 11 बजे लगाया जायेगा। स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में चिल्ड्रन मेंबर्स को ध्यान में रखते हुए स्वामी लाइब्रेरी इस न्यू कलेक्शन को लांच करने जा रही है।

सोलर रूफटाप लगाएं और सब्सिडी का लाभ उठाएं

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने घर/ग्रुप हाउसिंग सोसायटी की छत/लगी हुई खुली जगह पर सोलर पैनल लगायें और बिजली पर होने वाले खर्च को बचायें। कंपनी ने बताया है कि एक बार सोलर ऊर्जा पैनल लगाने से लगभग 25साल तक निरंतर बिजली मिलती रहेगी। सोलर से उत्पादित बिजली के मुल्य को देखते हुए सोलर पैनल लगाने पर हुए व्यय का भुगतान अगले 3-4 वर्षों में बराबर हो जाएगा। इसके बाद अगले 20 वर्षों तक सोलर से बिजली का लाभ सतत् मिलता रहेगा। कंपनी ने कहा है कि घर/ग्रुप हाउसिंग सोसायटी की छत/लगी हुई खुली जगह पर सौलर पैनल लगाने से एक ओर जहाँ कार्बन फुटप्रिंट कम होगा वहीं दूसरी और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा

गौरतलब है कि 1 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा पैनल के लिए लगभग 100 स्क्वायर फुट जगह की जरूरत होती है। भारत सरकार द्वारा आमजन/उपभोक्ताओं को 3 कि.वा. तक के सोलर प्लांट पर 40 प्रतिशत की सब्सिडी और 3 कि.वा. के बाद 10 कि.वा. तक 20 प्रतिशत की सब्सिडी एवं ग्रुन हाउसिंग सोसायटी को कॉमन सुविधा वाले संयोजन पर 500 कि.वा. तक (10 कि.वा. प्रति घर) 20 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है।

निरस्त रहेगी ललितपुर-बीना- ललितपुर

भोपाल। मोहासा स्टेशन पर तीसरी लाइन का कार्य के चलते ललितपुर-बीना-ललितपुर स्पेशल ट्रेन दो दिन निरस्त रहेगी भोपाल। उत्तर मध्य रेल, झांसी मण्डल के वीरांगना लक्ष्मीबाई-बीना रेल खण्ड पर तीसरी लाइन का कार्य किया जाना है। इस कार्य के चलते गाड़ी संख्या 01812/01811 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-ललितपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एवं गाड़ी संख्या 01820/01819 ललितपुर-बीना-ललितपुर (अनारक्षित) स्पेशल ट्रेन 20 मई एवं 21 मई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेंगी।

निसान ने पेश किया मैग्नाइट गेजा का स्पेशल एडिशन

भोपाल। निसान मोटर इंडिया प्रा. लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज आज भारतीय ग्राहकों के लिए सबसे ज्यादा बिकने वाली बी-एसयूवी मैग्नाइट गेज़ा का स्पेशल एडिशन पेश किया। मैग्नाइट गेज़ा स्पेशल एडिशन प्रीमियम ऑडियो और इन्फोटेनमेंट अनुभव प्रदान करता है, जो इसे हर यात्रा के लिए एक आदर्श साथी बनाता है।मैग्नाइट गेज़ा का स्पेशल एडिशन, जापानी थिएटर और इसके भावात्मक म्यूजिकल थीम्स से प्रेरित है। इस कॉन्सेप्ट पर आधारित मैग्नाइट गेज़ा स्पेशल एडिशन एडवांस्ड इन्फोटेनमेंट फीचर्स प्रदान करता है जो एक उन्नत संवेदी अनुभव की पेशकश करता है। निसान मैग्नाइट गेज़ा का स्पेशल एडिशन अब बुकिंग के लिए उपलब्ध है और कीमतों की घोषणा 26 मई, 2023 को की जाएगी। इस पेशकश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने कहा, ''बड़ा, बिंदास और खूबसूरत निसान मैग्नाइट अपने बेजोड़ मूल्य, उच्च सुरक्षा रैंकिंग और रखरखाव की कम लागत के साथ एक गेम चेंजर है।

फैब इंडिया का द बिग समर सेलिब्रेशन

भोपाल। गर्मी का यह मौसम होने जा रहा है खास, क्योंकि फैबइंडिया 'बिग समर' के साथ आपके लिए बहुत कुछ लेकर आया है। यह एक सेलिब्रेशन है, जहाँ फैशन का परंपरा से और क्वालिटी का अफोरडेबिलिटी से बेजोड़ मेल देखने को मिलेगा, जो फैबइंडिया के 350 से अधिक स्टोर सहित ऑनलाइन और एप्प पर भी उपलब्ध होगा। तो आइए, फैबइंडिया के साथ करें इस गर्मी का स्वागत। अजय कपूर (प्रेसिडेंट, सेल्स), फैबइंडिया ने बिग समर सेलिब्रेशन के बारे में कहा, रोज सजने-सँवरने की चीजें हों या घूमने-फिरने से लेकर छुट्टियाँ मनाने तक की चीजें गर्मियों के मौसम में हमेशा हमारे ग्राहक सीजन के हिसाब से वार्डरोब भरकर रखना पसंद करते हैं। हम चाहते हैं कि फैबइंडिया की चुनिंदा पेशकश और एक्सपिरियेंस 2023 की गर्मियों को एक उत्सव में बदल दे।

रियलमी ने पेश किया सबसे स्लिम स्मार्टफोन रियलमी नार्जो एन53

भोपाल। भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड रियलमी ने आज अपना नवीनतम स्मार्टफोन रियलमी नार्जो एन53 पेश किया जिसमें अगली पीढ़ी के उपयोगकर्ताओं के लिए स्लिम फॉर्म फैक्टर और अत्याधुनिक विशेषताएं हैं यह स्मार्टफोन रियलमी द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे स्लिम स्मार्टफोन है और इसमें 33वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलॉजी के साथ उद्योग में अग्रणी 50एमपी एआई कैमरा है लंबे समय तक चलने वाली 5000एमएएच की बैटरी के साथ रियलमी नार्जो एन53 में मिनी कैप्सूल भी है जो यूजर्स को तीन आवश्यक विशेषताएं प्रदान करता है नार्जो सीरीज स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश रेंज है जो स्मार्टफोन का एक विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में इसके 12.3 मिलियन यूजर्स हैं। रियलमी नार्जो एन53 के लॉन्च पर रियलमी नार्जो के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, मनीष कुमार मिश्रा ने कहा हम हमेशा अपने ग्राहकों को अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी और लीप-फॉरवर्ड अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। रयलमी में हमने भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को समझने के लिए एमेजॉन के साथ काम किया और यह स्मार्टफोन बनाया जो बेहतरीन स्टाईल और फंक्शनलिटी के साथ अत्याधुनिक विशेषताएं प्रदान करता है हम अपनी नार्जो सीरीज में इस नए स्मार्टफोन, रियलमी नार्जो एन53 का अनावरण बहुत उत्साह के साथ कर रहे हैं। यह अत्यधिक स्लीक स्मार्टफोन है, जो रियलमी की श्रृंखला में स्लिमनेस की परिभाषा को बदल रहा है केवल 7.49 मोटे रियलमी नार्जो एन53 ने एंट्री-लेवल सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित कर दिया है।

नोकिया 105 और नोकिया 106 4जी लॉन्च

भोपाल। नोकिया फोन बनाने वाली कंपनी, एचएमडी ग्लोबल ने अपने बाजार-अग्रणी फीचर फोन पोर्टफोलियो को बढ़ाते हुए आज नए नोकिया 105 2023 और नोकिया 106 लॉन्च किए। यूपीआई की सुविधा और पहुंच के साथ इन नोकिया फोन्स की भरोसेमंद विश्वसनीयता, उपयोगकर्ताओं को स्मार्टफोन के बिना भी सुरक्षित और निर्बाध रूप से डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम बनाती है। यूपीआई 123पे फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए एनपीसीआई की तत्काल भुगतान प्रणाली है, जो सुरक्षित तरीके से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान सेवा का उपयोग कर सकते हैं। यूपीआई 123 पे के माध्यम से, फीचर फोन उपयोगकर्ता चार तकनीकी विकल्पों जैसे आईवीआर (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स) नंबर पर कॉल करने, फीचर फोन में ऐप की कार्यक्षमता, मिस्ड कॉल-आधारित दृष्टिकोण और निकटता ध्वनि-आधारित भुगतान के आधार पर कई लेनदेन करने में सक्षम होंगे। रवि कुंवर, वीपी- भारत और एपीएसी, एचएमडी ग्लोबल ने कहा, हम बाजार में अग्रणी फीचर फोन, नोकिया 105 2023 और नोकिया 106 4जी को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, जो यूपीआई फीचर की शुरुआत के साथ पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं।

अनमोल इंडिया ने चौथी तिमाही के लिए आय दर्ज की

भोपाल। अनमोल इंडिया लिमिटेड आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन उद्योग, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोयला आयात में अग्रणी कंपनियों में से एक, ने अपनी बोर्ड मीटिंग में कंपनी की चौथी तिमाही और 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। अनमोल इंडिया लिमिटेड के परिचालन से राजस्व 18.70 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 311.80 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बढ़कर 370.13 करोड़ रुपये हुआ। यह मुख्य रूप से पोर्टफोलियो में कोकिंग कोल, मेट कोक, रसायन और लोहा और इस्पात जैसे नए उत्पादों को शामिल करने और मात्रा में वृद्धि से जुड़ा है।

मानव संग्रहालय में रात्रि आकाश अवलोकन कार्यक्रम

भोपाल। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के तहत आम नागरिकों में खगोल विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के लिए एसट्रो नाईट टूरिज्म कार्यक्रम का आयोजन आवृत्ति भवन के सामने मुक्ताकाश मंच पर शनिवार 20 मई को शाम 6.30 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के सहयोग से किया गया है। इसके तहत आकाश में विद्यमान ग्रहों, तारों और नक्षत्रों को देखने का कार्य किया जाता है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों में ग्रहों, तारों और नक्षत्रों के बारे में फैली गलत जानकारी को दूर कर खगोल विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण करना है।

पहेली

लॉफिंग ज़ोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।

पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?

दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!

पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

▯ ▯ ▯

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।

नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।

रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?

नरेश- तुमसे शादी करने की।

▯ ▯ ▯

एक बच्चा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।

वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

स...स...सन्नाटेदार

सूडोकु नवताल- 5208

✱✱✱✱☆ मध्यम

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5207 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

काकुरो पहेली - 5208



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 5207 का हल

MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

शब्दजाल - 5208

शब्द जाल में 10 अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

शा	स	दौ	जॉ	न	अ	ब्रा	ह	म	ल्ली	क
ग	ह	ह	ग	ला	अ	जै	जी	ग	झ	क
स	क	रु	म	ह	झ	की	ना	ण	घ	को
ल	इ	ल	ख	हैं	प	श्रॉ	ला	र	ला	न
मा	श्क	ल	प	खा	रा	फ	गी	ण	ग	म
न	दा	ल	श	सं	न	ही	रं	व	ला	स
वि	वे	क	ओ	बे	रॉ	य	दे	या	ज	न्नी
अ	मि	ता	भ	ला	गु	य	रा	य	प	दे
ऋ	र	ल	प	व	ज	ना	ल	ओ	के	ओ
क	ति	ल	प	अ	या	दि	व्य	ब	स	ल
ज	जं	क	प	ख	सं	ज	य	द	त्त	म

शाहरुख खान, सलमान, ऋतिक, विवेक ओबेरॉय, सन्नी देओल, जॉन अब्राहम, अजय देवगन, अमिताभ, संजय दत्त, जैकीश्रॉफ .

शब्दजाल - 5207 का हल

फिल्म वर्ग पहेली- 5208



ऊपर से नीचे:-

1. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-2,4,1,3
2. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-2
3. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-2
4. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-3
5. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-2,2
6. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-3
8. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-3
9. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-3
11. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-3
12. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-3
14. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी ?-3
19. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-4
21. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-3
22. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गौव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-3

बायें से दायें:-

1. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-4
3. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-2,1,2
6. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-2
7. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-2
8. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-2
9. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-4
10. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-3
11. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-4
13. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-3
15. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-2
16. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-2
17. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-2
18. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-4
20. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-3
23. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-2
24. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-2,2
25. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-3
26. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-3

फिल्म वर्ग पहेली- 5207 का हल

■ मंगल सेनचा, बेंगलोर

अष्टयोग-5208

5		7			3	4
	27	1	29	6	38	
	2		4	5		7
4	30		27	1	31	6
7		5	4		2	
6	42		39		23	3
	5	4		7	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5207 का हल

5	1	3	4	2	6	7
6	31	2	28	3	30	1
1	6	7	3	4	2	5
4	33	4	29	1	31	6
3	7	1	4	5	6	2
7	34	6	35	7	40	3
2	3	5	1	6	7	4

शब्द पहेली -5208

बाएँ से दाएँ

1. एक विवाह पद्धति-3(उर्दू में)
3. घर-3
6. बीच का-3
7. शक्ति-2
8. वर्तमान, आज का दिन-2
9. पांव का एक गहना-3
10. वेश्या-4
12. मनोहर-3
14. सोचना-3
16. झगड़ा-4
18. भूमि-कर, राजस्व-3
20. एक शिकारी चिड़िया-2
21. कब्र की मिट्टी-2
22. असभ्य, अनाड़ी-3
24. प्रेमी, पति-3
25. एक कीड़ा जो जाल बुनता है-3

ऊपर से नीचे

2. पेपर-3
3. मध्य, बीच-2
4. अंग्रेजों के द्वारा दी जाने वाली आजीवन कैद-2,2
5. केश-2
6. मांगनेवाला-3
7. शक्तिशाली-4
8. उतावलापन-3
10. लड़ाई-2
11. मुसलमान-3
13. अपनी ही सोचने वाला-4
14. इच्छा-2
15. मुस्लिम पढ़ते हैं-3
16. अनभिज्ञ-4
17. अगल---3
20. बच्चा-3
21. दशा, अवस्था-2
23. बर्फ-2

शब्द पहेली -5207 का हल

■ मंगल सेनचा, बेंगलोर